# भारतीय रिज़र्व बैंक
# संपदा विभाग
# चेन्नै

## ई-निविदा आमंत्रित करने की नोटिस

भारतीय रिज़र्व बैंक, चेन्नै निम्नलिखित कार्य के लिए नीचे निर्दिष्ट **न्यूनतम पूर्व-योग्यता मानदंड** को पूरा करने वाले पात्र ठेकेदारों से **ई-निविदा मोड** के माध्यम से दो भागों की निविदाएं आमंत्रित करता है। कार्य के मुख्य विवरण जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं और बोलीदाताओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश निम्नानुसार हैं:

| खंड | ब्यौरे | विवरण |
|---|---|---|
| I. | ई-निविदा नं. | **आरबीआई/ चेन्नै/ संपदा/202/23-24/ईटी/281** |
| II. | कार्य का विवरण | चेन्नै में स्थित बैंक के मुख्य कार्यालय परिसर और सी.एच. रोड और एसएएफ विलेज -कोयमबेडू में स्थित बैंक की आवासीय कॉलोनियों में उद्यानों/वृक्षों/पौधों/लॉन आदि के विकास और रखरखाव के लिए एएमसी |
| III. | निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी का नाम एवं पता | श्रीमती उमा शंकर, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, संपदा विभाग, फोर्ट ग्लासिस, 16, राजाजी साले, चेन्नै – 600 001, दूरभाष नं.: 044 – 2539 9250,<br>ई-मेल आईडी: estatechennai@rbi.org.in |
| IV. | 12 महीने के लिए अनुमानित लागत | ₹23.51 लाख (तेईस लाख इक्यावन हजार रुपये मात्र) जिसमें 18% की दर से जीएसटी शामिल है |
| V. | बयाना जमा राशि | ₹ 47,030/- (रुपये सैंतालीस हजार तीस रुपये मात्र) |
| VI. | ईएमडी प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | 11 सितंबर, 2023 को 14:00 बजे |
| VII. | प्रतिभूति जमाराशि | संविदा मूल्य का 5%<br>(सफल बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किया जाना है) |
| VIII. | (ए) निविदा दस्तावेज की उपलब्धता और ई-निविदा मोड के माध्यम से डाउनलोड / जमा किए जाने हैं। | बैंक के अनुमोदित ई-निविदा पोर्टल द्वारा<br>https://mstcecommerce.com/eprochome/rbi/ |

| | | |
|---|---|---|
| IX. | (बी) अवधि जिसके दौरान एमएसटीसी ई-निविदा पोर्टल में निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे। | 19 जुलाई, 2023 के 16:00 बजे से 11 सितंबर, 2023 को 14:00 बजे तक। |
| X. | ई-निविदा संबंधी प्रमुख अनुदेश और अदा की जाने वाली लेन-देन राशि | ई-निविदा पर अनुदेशों के लिए, कृपया निविदा दस्तावेज की खंड बी : इच्छुक बोलीदाताओं के लिए महत्वपूर्ण निर्देश देखें।<br>ई-निविदा लेनदेन शुल्क का भुगतान, यथा लागू एमएसटीसी वेबसाइट में किया जाएगा। |
| XI. | प्री-क्वालिफिकेशन (पीक्यू) पेपर जमा करने की अंतिम तिथि | 08 अगस्त, 2023 के 17:00 बजे तक |
| XII. | बोली-पूर्व बैठक (ऑफ लाइन) | 28 अगस्त, 2023 को 11:00 बजे संपदा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, 16, राजाजी साले, चेन्नै – 600001, दूरभाष नं.: 044 – 2539 9250 पर<br>नोट: प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि वे उल्लिखित मेल आईडी के माध्यम से आवश्यक व्यवस्था करने के लिए एक दिन पहले अपनी भागीदारी की पुष्टि करें |
| XIII. | तकनीकी-वाणिज्यिक बोली (भाग 1) और मूल्य बोली (भाग 2) जमा करने के लिए ई-निविदा शुरू करने की तिथि | 31 अगस्त, 2023 के 16:00 से |
| XIV. | बोली (ऑनलाइन)प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - तकनीकी-वाणिज्यिक बोली (भाग 1) और मूल्य बोली (भाग 2) | 11 सितंबर, 2023 को 14:00 बजे |
| XV. | तकनीकी-वाणिज्यिक बोली (भाग 1) खोलने की दिनांक | 11 सितंबर, 2023 को 15.00 बजे |
| XVI. | भाग 2 खोलने की दिनांक (मूल्य बोली) | निविदा का भाग ॥ (मूल्य बोली) उसी दिन या बाद की किसी तारीख को खोला जाएगा जिसकी सूचना बोलीदाताओं को ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी। |
| XVII. | निविदा की वैधता | निविदा के भाग-। के खुलने की तिथि से तीन माह। |
| XVIII. | लेनदेन शुल्क | एमएसटीसी पोर्टल में सूचित किए अनुसार लेन-देन शुल्क का भुगतान एमएसटीसी लिमिटेड के पक्ष में एमएसटीसी पेंमेंट गेटवे /एनईएफटी/ आरटीजीएस |

| | | |
|---|---|---|
| XIX. | निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी के कार्मिक के संपर्क विवरण | i. श्रीमती सुगन्या देवी (प्रबंधक, संपदा विभाग)044 - 2539 9027 suganyadevim@rbi.org.in<br>ii. श्री. रोहित माने (सहायक प्रबंधक, संपदा विभाग) 044 - 2539 9240 / 9748 rohitmane@rbi.org.in |

2. निम्न न्यूनतम **पूर्व-योग्यता (पीक्यू) मानदंडों** को पूरा करने वाले बोलीकर्ता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे। प्री-क्वालिफिकेशन पेपर्स पर " चेन्नै में स्थित बैंक के मुख्य कार्यालय परिसर और सी.एच. रोड और एसएएफ विलेज -कोयमबेडू में स्थित बैंक की आवासीय कॉलोनियों में उद्यानों/वृक्षों/पौधों/लॉन आदि के विकास और रखरखाव के लिए एएमसी के लिए निविदा " लिखा हुआ हो, जो श्रीमती उमा शंकर, क्षेत्रीय निदेशक, तमिलनाडु और पुदुच्चेरी, भारतीय रिज़र्व बैंक, फोर्ट ग्लासिस, राजाजी सालै, चेन्नै-600 001 के नाम से उनके कार्यालय में बैंक की संवीक्षा के लिए **08 अगस्त, 2023 के 17:00 बजे तक** पहुंचें। वैकल्पिक रूप से, सभी पीक्यू दस्तावेज़ की स्कैन की गई प्रति, मेल आईडी: estatechennai@rbi.org.in , rohitmane@rbi.org.in **और** vilva@rbi.org.in पर **08 अगस्त, 2023 के 17:00** बजे **तक** भेजी जा सकती है। (कृपया सुनिश्चित करें कि अनुलग्नकों का आकार प्रति ई-मेल 10 एमबी से अधिक नहीं है।)

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | बोलीकर्ता की संरचना। | फर्म / संगठन के पंजीकरण विवरण – क्या वे एकल स्वामित्व / साझेदारी फर्म / प्राइवेट लिमिटेड / लिमिटेड या सहकारी निकाय आदि - पंजीकरण प्राधिकारी का नाम, तिथि, पंजीकरण संख्या आदि।<br>बोलीदाता के पास वैध वस्तु और सेवा कर पंजीकरण होना चाहिए। | बोलीदाता को इसके साथ संलग्न **अनुबंध-I: <u>प्रारूप 1</u>** में जानकारी भरनी चाहिए और निम्नलिखित सहायक दस्तावेजों के साथ जमा करना चाहिए।<br>(i) पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति।<br>(ii) संस्था के अंतर-नियमावली / मुख्तारनामा / अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियां।<br>(iii) पैन कार्ड, टिन, वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रतियां। |
| ख. | पूर्वनुभव अवधि | बोलीदाता के पास समान कार्य (कार्यों)* को निष्पादित करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। बोलीदाता को न्यूनतम 5 वर्षों (अर्थात, बोलीदाता को **30 जून, 2018** से पहले इसी तरह का कार्य करना चाहिए) के अनुभव के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। | i) बोलीदाता को संलग्न **<u>प्रारूप 2</u>** में जानकारी भरनी चाहिए जिसमें ग्राहक-वार प्रदान किए गए समान कार्य (कार्यों)* का नाम और वास्तविक लागत, संविदा में निर्धारित पूर्णता तिथि और पूर्ण होने की वास्तविक तिथि आदि का उल्लेख करना चाहिए और बोलीदाता को समान कार्य के न्यूनतम 5 वर्ष के अनुभव के प्रमाण के रूप में दस्तावेजी साक्ष्य अर्थात विस्तृत कार्य आदेश / पूर्णता प्रमाण पत्र (ओं) और निजी क्षेत्र के लिए निष्पादित कार्यों के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | लिए ग्राहक द्वारा जारी स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाण पत्र (ओं) की प्रतियां प्रस्तुत करना चाहिए।<br>ii) बोलीदाता को समान कार्य (कार्यों)* जो प्रगति पर हैं उनके बारे में जानकारी संलग्न **<u>प्रारूप 2ए</u>** में भरनी चाहिए और प्रगति पर होने वाले कार्य (कार्यों) के लिए ग्राहक द्वारा जारी, कार्य की मदों के विवरण के साथ कार्य आदेश (शों) की प्रतियां, जमा करनी चाहिए।<br>(iii) किसी अन्य केंद्र में भारतीय रिज़र्व बैंक के लिए काम करने के पिछले अनुभव, यदि कोई हो, के संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य के साथ विवरण भी दिया जाना चाहिए। |
| ग. | निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रत्येक पूर्ण किए गए समान कार्य (कार्यों)* (योग्यता) का न्यूनतम मूल्य। | बोलीदाता के पास **30 जून, 2023,** को समाप्त पिछले 5 वर्षों के दौरान संतोषजनक ढंग से पूर्ण किए गए समान कार्य (कार्यों) का अनुभव निम्नलिखित में से कोई एक होना चाहिए:<br>i) **तीन** पूर्ण हुए समान कार्य* प्रत्येक की लागत **₹ 9.41 लाख** के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।<br>**या**<br>ii) **दो** पूर्ण हुए समान कार्य* प्रत्येक की लागत **₹ 11.76 लाख** के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।<br>**या**<br>iii) **एक** समान कार्य* पूरा किया जिसकी लागत **₹18.81 लाख** के बराबर राशि से कम नहीं है। | (i) बोलीदाता को संलग्न **<u>प्रारूप 3</u>** में समान कार्य (कार्यों)* को सफलतापूर्वक पूरा करने के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जानकारी भरते हुए जमा करना चाहिए।<br>(i) सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के लिए निष्पादित कार्यों के लिए ग्राहक / ग्राहकों जारी अर्हक कार्यों के लिए विस्तृत **कार्य आदेश (आदेशों)** की प्रतियां जिसमें कार्य प्रदान करने की तिथि, संविदा राशि, कार्य पूरा करने के लिए दिया गया समय आदि इंगित हो और संबंधित **कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र** (पत्रों) जिसमें कार्य पूरा करने की वास्तविक तिथि और जारी किए गए समान कार्य (कार्यों) के वास्तविक मूल्य इंगित हो, और निजी क्षेत्र के लिए निष्पादित कार्यों के लिए ग्राहक द्वारा जारी किए गए **स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस)** प्रमाण पत्र के साथ कार्य आदेश, कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रतियां। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | (ii) यहां संलग्न **प्रारूप 3ए** के अनुसार **प्रत्येक अर्हक कार्य** के लिए **ग्राहक प्रमाणपत्र।** |
| घ. | वार्षिक वित्तीय टर्नओवर | बोलीदाता का वार्षिक वित्तीय टर्नओवर **31 मार्च 2022** को समाप्त होने वाले पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान प्रति वर्ष **₹23.51 लाख** या उससे अधिक के बराबर होना चाहिए। | बोलीदाता को संलग्न **<u>प्रारूप 4</u>** में जानकारी भरनी चाहिए जिसे निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ जमा करना चाहिए:<br>(i) सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत प्रमाणित बोलीदाता के व्यवसाय के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/लेखों की प्रतियां जिनमें **प्रारूप 4** में संदर्भित वित्तीय वर्षों के लिए टर्नओवर दर्शाता है।<br>(ii) बोलीदाता की क्रेडिट योग्यता और अर्नओवर के लिए प्रमाण के रूप में सनदी लेखाकार द्वारा विधिवत प्रमाणित **आयकर निकासी प्रमाणपत्र / आयकर आकलन आदेश** की प्रतियां। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ड. | शोधन क्षमता और बैंकर सर्टिफिकेट | बोलीदाता के बैंकर द्वारा जारी शोधन क्षमता सर्टिफिकेट, विशेष रूप से कार्य के प्रयोजन के लिए **₹23.51 लाख** के बराबर राशि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। | (i) बोलीदाता को संलग्न **प्रारूप 5** के अनुसार अपने बैंकर से प्राप्त बैंकर का शोधन क्षमता प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना चाहिए।<br>(ii) संपर्क अधिकारियों (यानी, आवश्यकता होने पर बैंक द्वारा उनके बैंकरों का कार्यालय व्यक्ति जिनसे संपर्क किया जा सकता है) के नाम, डाक पते, ई-मेल आईडी, टेलीफोन (लैंडलाइन और मोबाइल) नंबर, फैक्स नंबर आदि जैसे पूर्ण विवरण के साथ बैंकरों के नाम और पते **प्रारूप 5ए** में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। |
| च. | सेवा सेटअप | चेन्नै में निर्दिष्ट कार्य के लिए पूर्ण विकसित सेवा सेटअप उपलब्ध होना चाहिए | चेन्नै में निर्दिष्ट कार्य के लिए पूर्ण सेवा सेटअप उपलब्ध होना चाहिए, जहां से आवश्यक गुणवत्ता सेवाएं नियमित रूप से प्रदान की जा सकती हैं। सेवा सेटअप के प्रमाण के रूप में स्थानीय पते के प्रमाण की एक प्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए |

**टिप्पणियां:**

(i) *__समान कार्य__ का अर्थ **उद्यानों/वृक्षों/पौधों/लॉन आदि का विकास और रखरखाव** होगा।

(ii) समान कार्य की लागत की गणना करते समय, समान कार्य (ऊपर उल्लिखित) की परिभाषा में शामिल कार्यों के अलावा निष्पादित कार्य के घटकों की कटौती की जाएगी। बोलीदाता इसके समर्थन में कार्य की लागत का सार प्रस्तुत करेगा।

(iii) समान कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र के संबंध में, निजी कंपनियों द्वारा जारी ग्राहक प्रमाण पत्र के साथ स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाण पत्र की प्रति होगी। निर्दिष्ट प्रमाण पत्रों के बिना प्राप्त बोलियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और बैंक को जब भी आवश्यक महसूस हो, उक्त दस्तावेजों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने/सत्यापन करने का अधिकार होगा।

(iv) सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के लिए किए गए समान कार्यों को पूरा करने के लिए ग्राहक के प्रमाण पत्र के संबंध में, प्रमाण पत्र पर संबंधित कार्यकारी अभियंता या समकक्ष या उच्च पद के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। निजी कंपनियों के लिए किए गए समान पूर्ण कार्यों को अर्हता प्राप्त करने के लिए, स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाण पत्र के साथ प्रमाण पत्र / संविदा राशि को साबित करने के लिए जमा करना होगा।

(v) बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह ग्राहकों से अर्हक कार्य (कार्यों), बोलीदाताओं की बैंकर (ओं) रिपोर्ट के लिए, यदि चाहें तो सीधे कार्यनिष्पान रिपोर्ट प्राप्त कर सकता है। बैंक स्वयं भी बोलीदाता द्वारा अपनी बोली में निर्दिष्ट उनके कार्य योग्य कार्यों का निरीक्षण कर सकता है।

(vi) यह स्पष्ट किया जाता है कि आवेदक द्वारा उनके इन-हाउस या पूंजीगत उपयोग के लिए किए गए कार्यों को समान कार्यों को पूरा करने के कार्य अनुभव के उद्देश्य से नहीं माना जाएगा।

**(vii) यदि प्रारूप में पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के लिए स्थान अपर्याप्त है, तो वही जानकारी बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार एक अलग शीट पर पूरी तरह से मुहर के साथ हस्ताक्षरित, स्कैन और सहायक दस्तावेजों के साथ अपलोड की जा सकती है।**

(viii) यहां तक कि, यदि किसी कॉलम में कोई जानकारी नहीं दी जानी है, तो उस कॉलम में **'शून्य'** या **'ऐसा कोई मामला नहीं'** प्रविष्टि की जानी चाहिए। यदि बोलीदाता के मामले में कोई विवरण/प्रश्न लागू नहीं है, तो इसे **'लागू नहीं'** के रूप में बताया जाना चाहिए, निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी संलग्नक होंगे और प्रतियां स्व-सत्यापित होंगी।

(ix) एक बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत बोली जो उपरोक्त पूर्व योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं करती है, अयोग्य घोषित कर दी जाएगी। झूठी और/या अधूरी जानकारी वाली बोलियां अस्वीकृत की जा सकती हैं।

3. पूर्ण विवरण के लिए कृपया निविदा दस्तावेज तकनीकी-वाणिज्यिक बोली (भाग I) और मूल्य-बोली (भाग II) देखें। इसके अलावा शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in पर 'निविदाएं' लिंक के तहत और https://www.mstcecommerce.com/ पर होस्ट किया जाएगा। बैंक न्यूनतम निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय निदेशक<br>
भारतीय रिज़र्व बैंक<br>
चेन्नै